न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकड़ी जिला अजमेर (राजस्थान)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 07/2021 (2021/220)

लादू पुत्र सीताराम जाति बैरवा निवासी ग्राम भराई तहसील केकड़ी जिला अजमेर

—प्रार्थी

बनाम

1 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार केकड़ी जिला अजमेर

——अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131राजस्थान भू राजस्व अधिनियम,

उपस्थितः— श्री लादू—प्रार्थी
तहसीलदार केकड़ी —पैरोकार सरकार

आदेश दिनांक 03/03/2021

संक्षेप मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया कि ग्राम भराई के वर्तमान खसरा नंबर 55 रकबा 1.49 हैक्टयर,खसरा नंबर 95 रकबा 0.01 हैक्टयर खसरा नंबर 96 रकबा 0.50 हैक्टयर एवं खसरा नंबर 97 रकबा 0.21 हैक्टयर मे साबिक नक्शानुसार शुद्धि करवाना चाहता है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की जॉच तहसीलदार केकड़ी से करवायी गयी।

तहसीलदार केकडी ने अपनी जॉच रिपोर्ट कार्यालय के पत्र कमांक/भू.अ./2021/88 दिनांक 05.01.2021 से प्रस्तुत की है। तहसीलदार केकड़ी की रिपोर्ट के साथ नायब तहसीलदार कादेड़ा द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट संलग्न है जिसमे भू अभिलेख निरीक्षक गुलगॉव व पटवारी भराई द्वारा प्रकरण मे प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जिस पर नायब तहसीलदार कादेड़ा के प्रति हस्ताक्षर है।

पटवारी हल्का भराई/भू अभिलेख निरीक्षक कादेड़ा के अनुसार ग्राम भराई की जमाबंदी संवत् 2069—72 खाता संख्या 248 पर खसरा नंबर 52/1247 रकबा 0.10 ,खसरा नंबर 55 रकबा 1.49 है0 खसरा नंबर 95 रकबा 0.01 है0 खसरा नंबर 96 रकबा 0.50 है, खसरा नंबर 97 रकबा 0.21 है0 कुल किता 05 रकबा 2.31 है0 लादू पुत्र सीताराम कौम बैरवा के नाम दर्ज रेकार्ड है जो मिलान क्षेत्रफल के अनुसार गत खसरा नंबर 99 व 30 से बने है। प्रार्थी खातेदार पुराना राजस्व नक्शा संवत् 2022 खसरा नंबर 29 व 30 के अनुसार वर्तमान खसरा नंबर खसरा नंबर 95 रकबा 0.01 है0 खसरा नंबर 96 रकबा 0.50 है, खसरा नंबर 97 रकबा 0.21 है0 कुल किता 05 रकबा 2.31 है0 का राजस्व नक्शा दुरूस्त करवाना चाहता है। मौका निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रार्थी खातेदार का पुराना नक्शा के अनुसार कब्जा है पुराना नक्शा व वर्तमान राजस्व नक्शा का रकबा बरारी करने पर तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है।

खसरा नंबर	गत मानचित्र का रकबा बरारी करने पर रकबा	खसरा नंबर	वर्तमान राजस्व नक्शा(मानचित्र)मे बरारी करने पर रकबा	कमी रकबा
29	2.30	52/1247	[illegible]	0.04
30	0.01	55	[illegible]	0.17
		95	[illegible]	—
		96	0.50	—
		97	0.20	0.01
किता 02	2.31 हैक्टयर	किता 05	2.09 हैक्टर	0.22

उपखण्ड अधिकारी
केकड़ी (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2022.01.13 12:56:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner